संख्या-18/2016/1208/52-2-16-2(57)/2014

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह,
सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मीरजापुर/भदोही

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 03 नवम्बर 2016

विषयः- अल्पसंख्यक समुदाय के सार्वजनिक कब्रिस्तानों / अन्त्येष्टि स्थलों की चहारदीवारी निर्माण हेतु डी0आर0डी0ए0 के पी0एल0ए0 में रक्षित वित्तीय वर्ष 2014-15 की द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किये जाने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सर्वे कमिश्नर वक्फ उ0प्र0 लखनऊ का पत्र संख्या- 277/ व0आ0-31(88)/2016 दिनांक 16-08-2016 एवं जिलाधिकारी भदोही के पत्रांक-295/अ0स0का0'कब्रि0/2016-17, दिनांक 10-08-2016, के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अल्पसंख्यक समुदाय के सार्वजनिक कब्रिस्तानों/अन्त्येष्टि स्थलों की चहारदीवारी निर्माण हेतु जनपदो की वित्तीय वर्ष 2014-15 की द्वितीय किश्त की धनराशि रु0 101.945 लाख (रू0 एक करोड एक लाख चौरानब्बे हजार पांच सौ मात्र) जो संबंधित जनपदों के डी.आर.डी.ए. के पी.एल.ए. में रखी है, को, निम्नलिखित विवरण के अनुसार, पी.एल.ए. से अवमुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति/सहमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि धनराशि का व्यय योजना हेतु निर्गत दिशा निर्देशों तथा सुसंगत वित्तीय नियमों के अधीन ही किया जायेगा। संबंधित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त करने के पूर्व वित्तीय वर्ष 2014-15 की प्रथम किश्त की धनराशि से कराये गये कार्यों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता सुनिश्चित करेगें। कार्यदायी संस्था द्वारा कराये गये कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा गुणवत्ता से संबंधित आख्या शासन को नियमित रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चत करेगे ।

.....2/-

http://srisamadesh.up.nic.in

<u>जनपदों को अवमुक्त की जा रही धनराशि का विवरण-:</u>

क्र0सं0	जनपद का नाम	आवंटित कुल धनराशि(लाख रूपये में)	डी0आर0डी0ए0 के पी0एल0ए0 में जमा धनराशि धनराशि (रू0 लाख) में	डी0आर0डी0ए0 के पी0 एल0 ए0 से अवमुक्त कराये जाने हेतु प्रस्तावित धनराशि (रू0 लाख में)
1	2	3	4	5
1	मीरजापुर	101.02	50.51	50.51
2	भदोही	102.87	51.435	51.435
			योग	101.945

(रू0 एक करोड एक लाख चौरानब्बे हजार पांच सौ मात्र)

2. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-1506 /दस-2016, दिनांक 27-10-2016, मे प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव

<u>संख्या-18/2016/1208(1)/52-2-2016</u> <u>तददिनांक</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- सर्वे आयुक्त, वक्फ, उ0प्र0, लखनऊ।
2- निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3- मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
4- प्रबन्ध निदेशक, सी. एण्ड डी.एस., उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
5- मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर/भदोही
6- वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, मीरजापुर/भदोही
7- जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मीरजापुर/भदोही
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-11
9- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(डा0 अरविन्द कुमार चौरसिया)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in